हरिभूमि

# मालवा भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, सोमवार 25 मार्च 2024

06 शहर में कई जगह हुआ होलिका दहन, होली के ...



07 श्री खाटू श्याम फिल्म की बस स्टैंड पर की शूटिंग





### प्रदेश की छिंदवाड़ा, गुना के बाद अब राजगढ़ भी हॉट सीट में हो गई शुमार

# राजगढ़ संसदीय क्षेत्र से दिग्विजय सिंह के प्रत्याशी बनने से कार्यकर्ताओं में उत्साह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा

तीन दशक बाद अपने गृह संसदीय सीट राजगढ़ से पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह के चुनाव लड़ने के एलान के बाद जहां क्षेत्र के कांग्रेस कार्यकर्ताओं में उत्साह दिखाई दे रहा है, वहीं अब राजगढ़ सीट भी प्रदेश की हॉट सीट बन गई है। कांग्रेस द्वारा पूर्व मुख्यमंत्री को लोकसभा के इस चुनावी समर में उतारने के बाद भाजपा की मुश्किलें बढ़ सकती हैं। वहीं जीत के लिए पार्टी को कड़ी मशक्कत करना पड़ सकती है। राजगढ़ संसदीय सीट को राघौगढ़ राजघराने की परंपरागत सीट माना जाता है। इस सीट से दो बार स्वयं दिग्विजयसिंह एवं पांच बार उनके छोटे भाई लक्ष्मणसिंह विजयी हो चुके हैं। राजगढ़ संसदीय क्षेत्र से कांग्रेस ने दिग्विजय सिंह के नाम की घोषणा की है। पूर्व मुख्यमंत्री द्वारा छापीहेड़ा में बैठक के बाद यह तय माना जा रहा था कि वे यहां से चुनाव लड़ेंगे। जिसके चलते राजगढ़ लोकसभा का यह चुनाव जहां रोचक होगा वहीं प्रदेश की छिंदवाड़ा, गुना के बाद अब राजगढ़ भी हॉट सीट में शुमार हो गई है।

राघौगढ़ राजघराने के दिग्विजय सिंह लगभग 33 वर्षों बाद संसदीय चुनाव के लिए मैदान में हैं और यह माना जा रहा है कि यह उनका अंतिम चुनाव होगा। जिसमें उन्हें यकीन है कि राजगढ़ संसदीय क्षेत्र के मतदाता उन पर पुनः विश्वास जताएंगे। चंबल व मध्यभारत में आने वाले राजगढ़ संसदीय क्षेत्र का इतिहास भी कम रोचक नहीं है। यहां भाजपा व कांग्रेस से ज्यादा राजपरिवारों का दबदबा दिखाई देता है। कांग्रेस के पूर्व मुख्यमंत्री व दिग्गज नेता दिग्विजय सिंह का इस क्षेत्र में सीधा दखल माना जाता है, लेकिन गत दो चुनाव से भाजपा ने उनका यह दखल कम कर दिया है। पिछले दो संसदीय चुनाव में भाजपा के रोड़मल नागर को यहां से विजयी मिली है। भाजपा ने तीसरी बार फिर से उन्हें अपना उम्मीदवार बनाया है। यह क्षेत्र भाजपा का गढ़ भी माना जाता है। इन सभी के अतिरिक्त राम मंदिर व मोदी के चेहरे का फायदा भी भाजपा को भरपूर मिल सकता है। वहीं तीन दशक बाद पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह को कांग्रेस पार्टी द्वारा अपना उम्मीदवार घोषित किए जाने से जहां संसदीय क्षेत्र के पार्टी कार्यकर्ताओं में एकजुटता तथा उत्साह का माहौल दिखाई दे रहा है, जिसके चलते इस बार भाजपा को कड़ी मशक्कत करना पड़ सकती है। कुल मिलाकर इस संसदीय क्षेत्र से कांग्रेस के दिग्विजयसिंह व भाजपा के रोड़मल नागर के मध्य मुकाबला रोचक भी हो सकता है।





### 'कृष्ण' को लक्ष्मण ने हराया था

राजगढ़ लोकसभा सीट पर एक बार महाभारत के कृष्ण को लक्ष्मण से चुनाव में हार का सामना करना पड़ा था। 1999 के लोकसभा चुनाव में प्रसिद्ध धारावाहिक महाभारत में भगवान कृष्ण का किरदार निभाने वाले नितीश भारद्वाज को भाजपा ने अपना उम्मीदवार बनाया था। वहीं कांग्रेस से लक्ष्मणसिंह उम्मीदवार थे। तब यह चुनाव खूब सुर्खियों में आया था। भगवान कृष्ण का किरदार निभाने के कारण नितीश भारद्वाज की लोकप्रियता चरम पर थी ऐसे में वे प्रचार के दौरान आकर्षण का केंद्र रहे थे लेकिन वे लक्ष्मणसिंह से चुनाव हार गए थे।

### *राघौगढ़ राजपरिवार ने 7 बार जीती सीट*

*राजगढ़ लोकसभा सीट 7 बार राघौगढ़ राजपरिवार द्वारा जीती गई है। 1984 में दिग्विजय सिंह पहली बार इस सीट से विजयी होकर सांसद बने थे। हालांकि 1989 में उन्हें भाजपा के प्यारेलाल खंडेलवाल से हार का सामना करना पड़ा था। 1991 में दिग्विजयसिंह ने फिर वापसी करते हुए खंडेलवाल को हरा दिया था। 1994 में हुए उपचुनाव में दिग्विजयसिंह के छोटे भाई लक्ष्मणसिंह पहली बार यहां से सांसद चुने गए थे। उन्होंने 1996,1998, 1999 एवं 2004 के चुनाव में यहां से विजयी प्राप्त की। 2004 का चुनाव उन्होंने भाजपा के टिकट पर लड़कर जीता था। कुल मिलाकर 7 बार राघौगढ़ राजपरिवार इस सीट से विजयी हो चुका है जो राजपरिवार के दबदबे को दर्शाता है। 2009 में यहां से कांग्रेस के नारायणसिंह आमलाबे एवं 2014 व 2019 के चुनाव में भाजपा के रोड़मल नागर विजयी हुए हैं। अभी तक के चुनावों में राजगढ़ से 7 बार कांग्रेस, 8 बार जनसंघ, जनता पार्टी या भाजपा तथा एक बार निर्दलीय उम्मीदवार विजयी हुए हैं।*

### भाजपा मंडल बड़ागांव की बैठक आयोजित

## हमारा लक्ष्य हर बूथ पर वोट प्रतिशत बढ़ाना है : राठौर



**नलखेड़ा।** भारतीय जनता पार्टी बड़ागांव मंडल की बैठक श्री खेड़ापति हनुमान मंदिर बावड़ी पर संपन्न हुई। जिसमें पार्टी नेताओं द्वारा नरेंद्र मोदी के विजय मंत्र हर बूथ पर 370 वोट प्लस का मंत्र कार्यकर्ताओं को दिया। शनिवार को भाजपा बड़ागांव मंडल की बैठक आगामी लोकसभा चुनाव, बूथ विजय संकल्प, लाभार्थी संपर्क अभियान को लेकर संपन्न हुई।

बैठक को भाजपा जिला अध्यक्ष चिंतामण राठौर ने संबोधित करते हुए पार्टी के कार्यकर्ताओं को आगामी लोकसभा चुनाव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अबकी बार 400 पार के नारे को साकार करने के लिए बूथ स्तर पर कार्य करने का निर्देश दिया। उन्होंने नरेंद्र मोदी के विजय मंत्र हर बूथ पर 370 वोट प्लस का मंत्र कार्यकर्ताओं को दिया। उन्होंने कहा कि जीत तो भाजपा की निश्चित है परंतु हमारा वोट प्रतिशत हर बूथ पर बढ़ाना लक्ष्य है।

भाजपा के वरिष्ठ नेता उदयसिंह यादव ने संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की कल्याणकारी योजनाएं तथा प्रदेश की मोहन यादव सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों को जनता तक पहुंचाने का आह्वान कार्यकर्ताओं से किया। उन्होंने कहा कि हर घर-घर में भारतीय जनता पार्टी की सरकार की जनहितेषी योजनाओं के लाभान्वित है। बैठक का संचालन मंडल महामंत्री संतोष कुलमिया ने किया। बैठक में पार्टी पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि व कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### शहर में अनेक समाज की निकलेगी गैर

## शहर में 40 से अधिक स्थानों पर हुआ होलिका दहन आज एक दूसरे को रंग गुलाल लगाकर खेलेंगे होली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ आगर मालवा

उत्साह और मस्ती का त्यौहार होली आज से प्रारंभ हो गया है। रात्रि में जिलेभर में होलिका दहन हुआ। शहर में 40 स्थानों से अधिक जगह पर देर रात होली जलाई गई, आज जिलेभर में बड़े ही धूमधाम से धुलेंडी का पर्व मनाया जाएगा। जिसमें लोग एक-दूसरे को रंग-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं देंगे।

त्यौहार पर साम्प्रदायिक सौहार्द्र न बिगड़े एवं सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद रहे इसके लिए जिला मुख्यालय पर हर चौराहा पर एवं होलिका दहन के स्थान पर पुलिसकर्मी तैनात रहेंगे। त्यौहार को लेकर बाजार में भी अलग ही रंगत दिखाई दे रही है। हालांकि रंग, पिचकारी की कीमतों में पिछले साल की अपेक्षा 15 से 20 प्रतिशत तक महंगाई हुई है। बावजूद इसके इसका असर बाजार पर दिखाई नहीं दे रहा है। रविवार को अधिकांश दुकानों पर जमकर रंग-गुलाल बिके। शहर में होली दहन स्थान पर नगर पालिका द्वारा चूना डाल कर निशान लगाए गए। इस त्यौहार को लेकर बच्चों में काफी उत्साह दिखाई दे रहा है उन्होंने अनेक प्रकार की पिचकारी खरीदने के साथ ही रंग गुलाल भी खरीदा। आज जमकर बरसेगा जिले में रंग गुलाल। शाम को महिलाओ ने होलिका की पूजन कर सुख समृद्धि की कामना। धुलेंडी के दिन शहर में परंपरा अनुसार गैर निकाल कर गमी वालो के घरों पर रंग गुलाल लगाते है।मान्यता है की गमी वालो के घर पर रंग गुलाल लगाने से उनके परिवार में जो गमी के चलते बेरंग हो गई थी वह रंगीन हो जाती है।



## आज बिरज में होली रे रसिया...रंगों से सरोबार हो निकली प्रभातफेरी

### फाग गाते हुए एक दूसरे को रंग गुलाल लगाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा

अयोध्या में श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के निमित्त नगर में प्रारंभ हुई प्रभातफेरी का निकलना लगातार जारी है। प्रभातफेरी में शामिल भक्त सभी त्यौहार की परंपरा का निर्वहन भी करते हैं। रविवार को होली पर्व को लेकर प्रभातफेरी प्रारंभ होने पूर्व भक्तों द्वारा प्रारंभ स्थल चौक बाजार में फाग उत्सव मनाया गया।

जिसमें फाग गाते हुए एक दूसरे को रंग गुलाल लगाया एवं फूलों से होली खेली। प्रभातफेरी मार्ग पर भी भक्त फूल व गुलाल उड़ाते हुए मस्ती भरे वातावरण में फाग गीत गाते चल रहे थे। कई भक्त फाग के गीतों पर नाचते- थिरकते हुए भी चल रहे थे। ब्रह्म मुहूर्त में मनाया गया यह फाग उत्सव अपने आप में एक अनूठा उत्सव था।



## होलिका दहन से पूर्व होली की आकषर्क साज-सज्जा शाम को महिलाओं ने की होलिका की पूजा

**कानड़।** होली को लेकर लोगों में उत्साह देखने को मिला। जगह जगह महिलाओं ने होलिका की पूजा की। नगर में विभिन्न क्षेत्रों में होलिका दहन किया गया। होलिका दहन के पूर्व समिति द्वारा होलिका को आकर्षक फूलों झिलमिलाते लाइटों से सजाया गया। देर शाम को महिलाओं द्वारा शुभ मुहूर्त होलिका माता की पूजा कर परिक्रमा लगाई। होलिका दहन स्थलों पर महिलाओं की भीड़ लगी रही एहतियात के तौर पर पुलिस जवान भी मौजूद रहे।



## पीजी महाविद्यालय सीहोर में ओरल हेल्थ चेकअप कैंप का आयोजन

**सीहोर।** शनिवार को चन्द्रशेखर आजाद शासकीय खातकोत्तर अग्रणी महाविद्यालय, सीहोर के सभागार में उमंग- उच्चा शिक्षा हेल्थ एंड वेलनेस कार्यक्रम एवं विश्व ओरल हेल्थ दिवस के उपलक्ष में निःशुल्क ओरल हेल्थ कैंप का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए मां सरस्वती के समक्ष माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर अतिथियों का स्वागत किया गया।

इसके बाद उमंग- उच्चा शिक्षा हेल्थ एंड वेलनेस कार्यक्रम की जिला समन्वयक दीनू शर्मा ने कार्यक्रम की विस्तृत रुपरेखा प्रस्तुत की। तत्पश्चात महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. शीलचंद्र गुप्ता ने अपने उद्बोधन में कहा कि स्वास्थ्य जीवन का अभिन्न अंग है तथा स्वस्थ व्यक्ति राष्ट्र की महत्वपूर्ण सम्पति है। वर्तमान में जीवनशैली से संबंधित मनोशारीरिक रोग आजकल युवाओं में बढ़ते जा रहे है। इसके समाधान हेतु नियमित हेल्थ चेकअप आवश्यक है। इसके पश्चात दन्त चिकित्सको की टीम ने महाविद्यालय के विधार्थियों का ओरल हेल्थ चेकअप करते हुए उन्हें महत्वपूर्ण सलाह प्रदान की। कार्यक्रम में डॉ. रानू, डॉ. उपेन्द्र सिंह राठौर एवं उनकी टीम, एनसीसी कैडेट, एनसीसी के स्वयंसेवक, क्रीड़ा विभाग के खिलाड़ी एवं समस्त स्टाफ की उपस्थित रही।




## आयोजन: नगर में सरस्वती माता मेले का ध्वज चल समारोह निकाला

### 15 दिवसीय मेला 24 मार्च से 7 अप्रैल तक लगेगा



**नलखेड़ा।** नगर पंचायत द्वारा 24 मार्च से 7 अप्रैल तक पंद्रह दिवसीय धार्मिक मेले का आयोजन धरोला रोड पर श्रीनाथ धाम मंदिर के सामने स्थित भूमि पर किया जा रहा है। मेले का ध्वज चल समारोह नगर में रविवार को निकाला गया।

नगर में वर्षों बाद फिर सरस्वती माता का धार्मिक मेला लगाया जा रहा है। यह मेला 24 मार्च से 7 अप्रैल तक चलेगा। मेले के आयोजन को लेकर नगर परिषद द्वारा व्यापक रूप से तैयारी की जा रही है। रविवार को सायः 5 बजे नगर परिषद कार्यालय से ढोल ढमाकों के साथ मेले के ध्वज का चल समारोह निकाला गया। जो चौक बाजार स्थित पंचमुखी हनुमान मंदिर पर भी पहुंचा जहां पर अंजनी पुत्र की पूजा अर्चना की गई।

तत्पश्चात नदी तट पर स्थित सरस्वती माता मंदिर पर भी पूजा अर्चना की गई। प्रमुख मार्ग से होता हुआ ध्वज चल समारोह मेला ग्राउंड पर पहुंचा जहां पर पूजा अर्चना के साथ ध्वज स्थापना की गई। चल समारोह में नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि विजय सोनी, मुख्य नगर पालिका अधिकारी मुकेश भंवर सहित परिषद के पार्षद गण एवं पार्षद प्रतिनिधि तथा कर्मचारियों के साथ नगर के गणमान्य नागरिक भी साथ में चल रहे थे।

### जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक आयोजित

## आगामी सभी त्यौहार भाईचारे के साथ मनाएं : कलेक्टर



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा

जिले में आगामी सभी त्यौहार शांति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाया जाने के लिए कलेक्टर राघवेंद्र सिंह की अध्यक्षता में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में शनिवार को संपन्न हुई। बैठक में होली, गुड फ्राईडे, रंग पंचमी, शीतला सप्तमी, गुड़ी पड़वा, चैत्र नवरात्रि, चैती चांद, ईद उल फितर आदि आगामी त्योहारों पर जिले में होने वाले आयोजन के बारे चर्चा की गई। कलेक्टर ने जिले के नागरिकों से अपील की है कि आगामी सभी त्यौहार एक-दूसरे धर्म के लोगों का सम्मान करते हुए भाईचारे के साथ मनाएं तथा जिले में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने में प्रशासन एवं पुलिस का सहयोग करें। लोकसभा निर्वाचन 2024 के मद्देनजर जारी प्रतिबंधात्मक आदेशों का पालन करें। उन्होंने कहा कि त्यौहारो के दौरान शांति भंग करने वाले असामाजिक तत्वों को बख्शा नहीं जाएगा उनके विरुद्ध कठोर से कठोर से कार्यवाही की जाएगी।

कलेक्टर ने कहा कि होली के दिन किसी भी व्यक्ति को जबरदस्ती रंग नहीं लगाए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को त्यौहारों के दौरान साफ-सफाई पेयजल, विद्युत व्यवस्था सुचारू रखने के निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार सिंह ने कहा कि जिले के नागरिक शांतिपूर्ण तरीके से त्यौहार मनाएं, त्यौहार के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने हेतु सेक्टरवार पुलिस एवं प्रशासन के अधिकारियों की तैनाती की जाएगी। अशांति फैलाने वाले असामाजिक तत्वों को बक्शा नहीं जाएगा। कोई भी व्यक्ति मदिरा का सेवन कर वाहन नहीं चलाए। बैठक में शांति समिति के सदस्यों ने भी अपने-अपने सुझाव दिए।



अपर कलेक्टर आरपी वर्मा, सीएसपी मोतीलाल कुशवाह, एसडीएम आगर सर्वेश यादव, प्रभारी पीओ डूडा पवन फूलफकीर, प्रभारी सिविल सर्जन डॉ. शशांक सक्सेना, शांति समिति के सदस्य अशोक प्रजापत, शहर काजी वसुउद्दीन, धर्मेंद्र गहलोत, राहुल कसेरा, राजेश गवली, सुनील माली सहित सभी सदस्य एवं अधिकारी बैठक में उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### भगोरिया पर्व में समाजजन हुए शामिल



**बागली।** आदिवासी समाज द्वारा भगोरिया पर्व मनाया जा रहा है। रविवार को बागली नगर में साप्ताहिक बाजार के दौरान भगोरिया पर्व मनाया, जिसमें आदिवासी समाज के लोग सम्मिलित हुए और इस पर्व को उत्साह के साथ मनाया गया।इस दौरान अलग-अलग टोलियों में मादल लेकर समाजजन पहुंचे, और आदिवासी वेशभूषा में सज धज कर महिलाएं भी भगोरिया पर्व में सम्मिलित हुई। मादल कि थाप पर सब झूमते हुए नजर आए। मांदल लेकर आए आदिवासी समाज के वरिष्ठो का बागली नगर की ओर से स्वागत भी किया गया।

### बाल प्रतिभाओं का किया गया सम्मान



**बागली।** द राइजर ए टॉपर्स एकेडमी द्वारा पहली बार अवार्ड सेरेमनी नगर में आयोजितकर होनहार प्रतिभाओं को प्रोत्साहित किया गया। नगर में लगातार 8 वर्षों से सेवारत कोचिंग संस्थान ने अपनी सेवाओं से शिक्षा के क्षेत्र में अनूठा प्रदर्शन करते हुए अपनी पहचान और विश्वास को विद्यार्थियों और अभिभावकों के बीच में स्थापित किया है।आयोजित समारोह में नीट,आईंआईटी,जेईई, यूपीएससी जैसी मुख्य परीक्षा के साथ ही 10वी व12वी बोर्ड परीक्षा में सफलता प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों और अभिभावकों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया।कार्यक्रम की मुख्य विशेषता यह रही की अभिभावक ही प्रतिभा के सम्मान के समय मुख्य अतिथि के रूप में मंच पर उपस्थित रहे। जिसका मुख्य उद्देश्य अभिभावकों को यह सम्मान समर्पित करना रहा।विद्यार्थियों के द्वारा इस अवसर पर मनमोहक रंगारंग प्रस्तुतियां भी मंच के माध्यम से दी गई तथा कार्यक्रम का संचालन संस्था संचालक मोहम्मद जहीन खान द्वारा किया गया। सम्मान समारोह के साथ ही इसी वर्ष संस्था के द्वारा इसी सत्र से वीवो अकादमी व चुलबुल किड्स प्रीस्कूल को संचालित किया जाएगा। जिसका शुभारंभ भी वीवो अकादमी परिसर में सम्मान समारोह के साथ किया गया।

### सरस्वती बाल विनय मंदिर के खिलाड़ियों का हुआ चयन

**देवास।** सरस्वती बाल विनय मंदिर के खेल प्रशिक्षक अर्जुन सोलंकी ने बताया कि 33 वीं राज्य स्तरीय सब जूनियर बालिका कबड्डी प्रतियोगिता टिमरनी हरदा में आयोजित होने जा रही है। विद्यालय की बालिका, वंदना पटेल, याशिता गुर्जर का चयन देवास जिले की टीम में हुआ।

आज परंपरागत उत्साह और धार्मिक उल्लास के साथ मनाया जाएगा होली का पर्व

# शहर में कई जगह हुआ होलिका दहन, होली के त्योहार पर सजे रंगारंग बाजार, दुकानों के आगे लगी रंगों की स्टॉल





## पूरे जिले में आज जमकर उड़ेगा रंग-गुलाल हुरियारे की टोली मचाएगी धूम।

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

शहर में आज से रंगपंचमी तक धूमधाम से होली का त्यौहार धूमधाम से मनाया जाएगा। हालांकि रंगों के पर्व होली की शुरुआत फागुन का महिना लगते से हो जाती हैं। विभिन्न समाज की महिलाओ द्वारा फ़ाग उत्सव का आयोजन प्रतिदिन किया जाता हैं, लेकिन फागुन माह की पूर्णिमा पर होलिका दहन के पश्चात 5 दिन रंगपंचमी तक अपार उत्साह के साथ होली पर्व मनाया जाएगा। होली पर्व के चलते बाजार में रंगबिरंगी पिचकारियों व कलरों की दुकानें सजधज कर तैयार है। रविवार सुबह से ही रंगबिरंगी पिचकारियों को खरीदने के लिए लोगों की भीड़ बाजार में उमड़ पड़ी। होली पर्व को लेकर खासकर छोटे बच्चों में काफी उत्साह है। होली पर्व के एक दिन पूर्व रविवार को बाजार में काफी रोनक रही। दुकानों से जमकर होली में उपयोग आने वाले रंग, पिचकारी की जमकर खरीदी की। यह खरीदी रंगपंचमी तक जारी रहेगी। वही रंग बिरंगी पिचकारी बेचने वाले दुकानदारो का कहना है कि इस बार बाजार में बच्चों के लिए कई प्रकार की पिचकारियां उपलब्ध है। इस बार बाजार में गलाल उडाने वाली पिचकारी व प्रेशरगन जो 50 से 60 फीट तक पानी को फेंक देती है उसकी काफी मांग है।

### रविवार रात हुआ होलिका दहन

रविवार शाम से होलिका सजाने का दौर प्रारंभ हो गया था। उसके बाद देर रात को होलिका दहन हुआ। होलिका दहन वाले स्थानों पर आकर्षक रंगोलिया बनाई गई। साथ ही महिलाओं द्वारा देर रात तक पूजन किया गया।

### मोदी परिवार का होली मिलन समारोह 26 को

मोदी परिवार का भव्य होली मिलन समारोह 26 मार्च, मंगलवार को धूमधाम से आयोजित किया जा रहा है। देवास शाजापुर लोकसभा से जुड़ी प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र से हजारो की संख्या में मोदी के परिवारजन एवं गणमान्य जन इस होली मिलन समारोह में हिस्सा लेंगे। लोकसभा क्षेत्र के केन्द्रीय चुनाव कार्यालय, गंगानगर ए बी रोड़, देवास में आयोजित मोदी परिवार का होली मिलन समारोह प्रातः 10 बजे से प्रारंभ होगा। समारोह को लेकर पिछले दिनो से जोरदार तैयारियॉ की जा रही है। होली मिलन समारोह में अधिक से अधिक उपस्थिति के लिये शहर सहित सम्पूर्ण लोकसभा क्षेत्र में लगातार बैठके आयोजित की जा रही है। सोशल मीडिया पर होली से जुड़े स्लोगनों एवं चित्रों के साथ फ्लेक्स, बेनर, पोस्टर्स एवं मोबाईल फोन से श्री मोदी के परिवारजनो को होली मिलन समारोह में शामिल होने के लिये सुचनाए दी जा रही है। समारोह में विभिन्न कार्य व्यवस्थाओं की दृष्टि से दायित्व सौंपे गये है।




### कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक ने रंगो के पर्व होली की जिलेवासियों को दी बधाई

कलेक्टर ऋषव गुप्ता एवं पुलिस अधीक्षक सम्पत उपाध्याय ने जिले के नागरिको को रंगों के पर्व होली की शुभकामनाए एवं बधाई दी है। उन्होने कहा कि सभी जिलेवासी होली का पर्व सौहार्द व शांतिपूर्ण वातावरण में मनाएं। होली रंगो और खुशियों का त्यौहार है। होली का त्यौहार सभी मिलजुल कर सौहार्दपूर्ण तरीके से मनाए।

### होली का महत्व बताकर प्रदूषण मुक्त होली जलाने का दिया संदेश

श्रीजी बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ सेवा समिति ने रविवार को करोली नगर में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी रहवासियों के बीच पहुंचकर होली महोत्सव का महत्व बताया व प्रदूषण मुक्त होली जलाने और सूखे रंगों से होली खेलने की जानकारी देते हुए जागरूक किया। समिति उपाध्यक्ष रूक्मणि परमार ने कंडो का उपयोग कर प्रदूषण मुक्त होली जलाने का संदेश देते हुए कहा कि होली का पर्व रंग और खुशी का पर्व है। ऐसे में इन खुशियों को होली में लकड़ी जला कर ग्रहण नहीं लगने देना चाहिए। क्योंकि लकड़ी जलाने से कई हानिकारक गैस वायुमंडल में घुलती हैं, जिसका लोगों के स्वास्थ्य पर बुरा प्रभाव पड़ रहा है। इसलिए अधिक से अधिक कंडों की होली जलाना चाहिए और हानिकारण रंगो से बचकर सूखी होली खेलना चाहिए। साथ ही हमे गुलाल व सुखे रंगों से होली खेलना चाहिए। समिति सचिव घनश्याम मोदी ने बताया कि समिति के करोली नगर स्थित कार्यालय में कालोनी रहवासी के सहयोग से होली सजाई गई। इस अवसर पर प्रेमलता बैरागी,भूरूषिंह ठाकुर, लक्ष्मी बघेल, रूपा पाल, अनिल सोनी, पिंटू सोनी, रमेश चंद्र राठौर, संतोष जी अमोदिया, प्रेम सिंह ठाकुर, सुरेश मिश्रा, आदि उपस्थित थे।

### केमिकल मुक्त होली मनाने का संकल्प

होली एक ऐसा त्यौहार है जहां बच्चे हो या बड़े सभी का मन रंगों से को देख मचल उठता है। शहर की जानी-मानी शिक्षण संस्था सीजी ट्यूटोरियल्स के विद्यार्थी कैसे पीछे रहते हैं, उन्होंने भी जमकर रंगों से होली खेली पर वह रंग हानिकारक केमिकल युक्त रंग न होकर प्रकृति के अपने निर्मित रंग यानी कि पुष्प थे। सीजी ट्यूटोरियल्स के डायरेक्टर आशीष गुप्ता ने बताया कि बच्चों को उत्साह से त्योहार मनाने के लिए प्रोत्साहित किया साथ ही केमिकल युक्त रंगों से होने वाले नुकसान के बारे में बताया और बच्चों को केमिकल मुक्त होली खेलने का संकल्प दिलाया। विद्यार्थियों को ऑर्गेनिक रंग बनाने की विधि साझा की और अनावश्यक जल का उपयोग न करने की सलाह दी। विद्यार्थियों ने सीजी ट्यूटोरियल के प्रांगण में फूलों से रंगोली बनाई और हर्षोल्लास के साथ पुष्पोत्सव मनाया। इस संस्था पर विद्यार्थियों को सभी त्योहार सुरक्षित व हर्षोल्लास के साथ मनाने के लिए प्रेरित किया जाता है।

### आदेश्वर मंदिर बड़ा बाजार में धूमधाम से मनाया गया फागण फेरी महोत्सव

आज के दिन गुजरात पालीताणा तीर्थ में फागण फेरी का बहुत बड़ा महोत्सव मनाया जाता है। वहां लाखों की संख्या में लोग एकत्रित होकर छह कोस की यात्रा करते हैं। यह यात्रा करीब 27 किलोमीटर की होती है। उसी की तर्ज पर देवास में श्री आदेश्वर मंदिर बड़ा बाजार में आज फागण फेरी की भाव यात्रा का उत्सव मनाया गया। जिसमें सभी भक्तजनों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया। मंदिरजी में सुंदर जय तलेटी की मनभावन रचना की गई। उसके आगे सभी भक्तजनों ने बहुत भाव से भक्ति आराधना की,सभी ने फल नैवेद्य गीत गान द्वारा अपने-अपने भाव प्रकट किये। फागण फेरी की भाव यात्रा के बाद सभी ने आदेश्वर दादा के दर्शन करें। इस उत्सव में विभिन्न प्रकार के स्वल्पाहार के स्टॉल का आयोजन किया गया। स्टॉल के लाभार्थी श्री आदेश्वर महिला मंडल, डॉक्टर मनीषा बहन प्रमोद कुमार बाफना, श्रीमती वंदना बहन एवं रेखा बहन बागरेचा, श्रीमती उज्वला बहन चंद्रशेखर जैन, मनोरमा बहन चोपड़ा,प्रेम कुमार यश हार्दिक बागरेचा,नितेश कुमार जितेश कुमार कोठारी रहे। श्री आदेश्वर ट्रस्ट मंडल ने अंत में सभी का आभार माना ।





मेंढकीचक में सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का हो रहा आयोजन

# माया डाकिनी, जो माधव से मिलने नहीं देती: कृष्णादास





हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

बुढ़ापे में भक्ति काम आती है माया नहीं, इसलिए जवानी में ही भगवान का भजन, स्मरण कर लें। पूरे जीवन भागदौड़ कर माया को हासिल किया, लेकिन अंत समय में माया नहीं भक्ति ही काम आएगी। माया के बजाय भक्ति की ओर ध्यान दें। परमात्मा का स्मरण करते हुए जीवन यापन करें। माया ऐसी डाकिनी है, जो माधव से मिलने नहीं देती। जब तक माया रूपी घूंघट परमात्मा न उठा दे, तब तक दर्शन नहीं होते।यह विचार व्यासपीठ से कथावाचक कृष्णदास महाराज वृंदावनधाम वाले ने मेंढकीचक में श्रीमद् भागवत कथा के दौरान व्यक्त किए। उन्होंने कहा, कि कितने बड़े करोड़पति क्यों ना हो जाए, भले ही चार बंगले हो जाए, गाड़ियां हो जाए, लेकिन कहते हैं कि घर पर कोई ब्राह्मण या कोई संत आ जाए तो उनकी जेब से सौ रुपए तक नहीं निकलते। सुदामाजी महाराज को भगवान ने क्या दिया। भगवान ने दोनों लोक, कितने राज्य दिए। सुदामाजी को जो सम्मान दिया, इस सम्मान से सुदामाजी प्रसन्न हो गए। कृष्ण-सुदामा चरित्र की भावपूर्ण व्याख्या कर श्रद्धालुओं को भाव-विभोर कर दिया।कथा के दौरान देवेश सुदामा, प्रिया कृष्ण, शिवानी रुक्मिणि तो शुभम व दर्शन ने द्वारपाल के रूप में मनमोहक प्रस्तुति दी। आयोजक महिला मंडल की रेणुका सोलंकी, भारती राठौर, सौरमबाई मालवीय, प्रेम पंचोली, समाजसेवी रामसिंह बाघेला, आयुष राठौर, बद्रीलाल मालवीय, गजानंदजी ने व्यासपीठ की पूजा-अर्चना महाआरती की।

### होली पर केमिकलयुक्त घातक रंगों पर रहेगी निगम की नजर

**देवास।** होली उत्सव को देखते हुए कलेक्टर ऋषव गुप्ता एवं आयुक्त रजनीश कसेरा के निर्देश पर शहर की खाद्य की अपंजीकृत दुकानों एवं खाद्य पदार्थों की जांच की गई। इस दौरान दुकानों पर बिकने वाले रंगों के नमूने भी लिए गए। इसका उद्देश्य शहरवासियों को केमिकल युक्त घातक रंगों से बचाना है। साथ ही मिलावटी व नशीली वस्तुओं पर भी रोकथाम करने के लिए खाद्य पदार्थों के नमूने लिए गए।वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर खाद्य सुरक्षा अधिकारी सुरेंद्र ठाकुर एवं नगर निगम स्वास्थ्य व खाद्य निरीक्षक हरेंद्रसिंह ठाकुर ने दल के साथ शहर के बाजार में निरीक्षण किया। रंगों से सजी दुकानों पर रंगों की जांच की। इस दौरान रंगों के पांच नमूने लिए। इन्हें प्रयोगशाला पहुंचाया गया। साथ ही खाद्य पदार्थों में मिलावट रोकने के लिए पांच खाद्य पदार्थों के नमूने भी लिए गए।

# दिल्ली के मुख्यमंत्री केजरीवाल को जेल में बंद करने पर जताई नाराजगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



देश को अंग्रेजों की गुलामी से आजाद कराने वाले भारत मां के वीर सपूतों मातृभूमि के लिए सर्वस्व न्योछावर कर देने वाले हंसते-हंसते फांसी के फंदे को गले लगाने वाले राष्ट्र भक्त क्रान्तिकारी भगतसिंह, राजगुरु, सुखदेव के बलिदान दिवस पर आम आदमी पार्टी के लोकसभा सचिव सुनीलसिंह ठाकुर के नेतृत्व में पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा गजरा गियर्स चौराहे पर उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। आम आदमी पार्टी लोकसभा सचिव ठाकुर अपने संबोधित करते हुए कहा कि आज भ्रष्टाचार, तानाशाही, अहंकारी सरकार से देश को भ्रष्टाचार मुक्त कर सुशासन स्थापित करना है। आज आप पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल, मनीष सिसौदिया, संजयसिंह जेल में ईमानदारी की सजा काट रहे और बेईमान देश को लूट रहे हैं। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष जाकिर खान, जिला संगठन मंत्री दीपक मालवीय, सलमान सदर, ब्लॉक अध्यक्ष सुनील चौहान, नासीर मंसूर शाह, सादिक बासीर पटेल, डॉ. भंवरसिंह जागीरदार, फतेह मोहम्मद शेख, सूरज राठौड़, रितेश खत्री, पुष्पेंद्र शर्मा, हुसैन शेख, सुनील जोशी, मेहरबानसिंह चौहान, शकील शेख, कन्हैयालाल दागी आदि कार्यकर्ता, पदाधिकारी उपस्थित थे। जानकारी पार्टी के संगठन मंत्री दीपक मालवीय ने दी।

**खबर संक्षेप**

### आष्टा न्यायालय में जजों की हुई नियुक्ति





आष्टा। न्यायालय में न्यायाधीश उपेन्द्र कुमार पटेल और न्यायाधीश प्राची पटेल की नियुक्ति की गई है। वहीं प्रथम जिला सत्र न्यायाधीश सुरेश कुमार चौबे को आष्टा से सोहागपुर और द्वितीय जिला न्यायाधीश कंचन सक्सेना को आष्टा से राघोगढ़ स्थनांतरित किया गया है। शहर के वरिष्ठ एडवोकेट धीरज धरवा ने बताया है कि आष्टा न्यायालय में जिला न्यायाधीश सहित 7 न्यायाधीश कामकाज देखते है। इनमें एडीजे, सिविल जज शामिल है।

### गणगौर के गीतों का दे रहे प्रशिक्षण

**सीहोर**। अमर सुहाग की कामना को लेकर मनाए जाने वाला गणगौर पर्व, जो होली के दूसरे दिन से महिलाओं द्वारा मनाया जाता है। इसी पर्व को नए दौर की महिलाएं और नई बहुएं भी निरंतर निभा सके इस को लेकर शहर की निर्मिला व्यास हर साल की तरह इस साल भी महिलाओं को गणगौर के गीतों के साथ गणगौर पर्व मनाए जाने को लेकर प्रशिक्षण दे रही है। श्रीमति व्यास ने बताया कि नगर के खजांची लाइन स्थित महावीर भवन में करीब 30 से 40 महिलाओं को श्रृंगार रस के गीत, मान मनुहार के गीत, उलहाने के गीत, व्योग के गीत सहित अन्य गणगौर के पारंपरिक गीतों का 7 दिवसीय प्रशिक्षण दिया जा रहा है। जिस के तहत महिलाओं को गणगौर गीत के साथ गणगौर पर्व मनाने की परंपराओं की जानकारी भी महिलाओं को दी जा रही है।

## आष्टा में आज भी पांच दिनों की होली की परंपरा कायम

# पहले थी नवाबी होली, अब होगी महादेव की होली, 29 को आएंगे पं. प्रदीप मिश्रा

बीते 2 साल से प्रदीप मिश्रा की अगुवाई में महादेव की होली शुरू हुई है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



उत्साह उमंग और मस्ती का त्योहार होली इस बार भी पांच दिवसीय महादेव की होली पर मनाया जाएगा पहले 5 दिनों की नवाबी होली मनाई जाती थी लेकिन बीते 2 साल से विश्व विख्यात कथाकार पंडित प्रदीप मिश्रा की अगुवाई में महादेव की होली शुरू हुई है बीते 2 वर्ष से पंडित प्रदीप मिश्रा महादेव होली में आष्टा में सम्मिलित होने आते हैं। और पूरे शहर वासी रंग में सरोवर नजर आते इस बार भी पंडित प्रदीप मिश्रा 29 मार्च को महादेव की होली मनाने आ रहे हैं। इस बार होलिका दहन नगर के बजरंग कॉलोनी, अन्नपूर्णा नगर, चंदन नगर, सेममरी रोड ,आदर्श कॉलोनी ,इंदिरा कॉलोनी, कॉलोनी चौराहा ,दरजीपुरा, गुरुद्वारा ,परदेसीपुरा, मरूपुरा, गडरिपुरा ,बड़ा बाजार ,नजरगंज, सब्जी मंडी , अलीपुरा,परदेसी पुरा, विस्तारियापूरा, पटवारी कॉलोनी, बाईपास ,पुराना भोपाल इंदौर मार्ग ,पीएम आवास कॉलोनी, मुगली रोड , सहित पूरे शहर में 90 से भी अधिक स्थानों पर होलिका दहन किया जाएगा, होली पर शोक वाले परिवार के यहां गैर भी निकलेगी और दिन भर रंग गुलाल उड़ेगा।

### होली पर प्राकृतिक रंगों का उपयोग करें

काला रंग, चमरिया रंग, जला हुआ तेल, खुजली पाउडर या ऐसे किसी भी सामान का उपयोग न करें जो हानिकारक है। गाय, कुत्ते या किसी भी जानवर पर रंग ना डालें और ना ही मवेशी के पानी पीने की कुंड में रंग मिलाए साथ ही किसी भी प्रकार का नशे का सेवन न करें नशा कर कर वाहन ना चलाएं परीक्षार्थी या घरों की खिड़की गैलरी से झांक रही महिलाओं बच्चों पर रंग या गुब्बारे ना फेके। बता दे की तहसील मुख्यालय में नवाबी शासन से ही होली का पर्व 5 दिनों तक मनाया जाता रहा है जो परंपरा वर्षो से चली आ रही है 5 दिनों की होली का पर्व आज भी कायम है धूलंडी से शुरू होने वाला रंग बरसने का सिलसिला रंग पंचमी तक जारी रहता है। कुल मिलाकर होली से रंग पंचमी तक पूरा नगर रंग में सरोवर रहता है होली दहन के बाद दुलेंडी पर रंग होता है शहर में इस दिन परंपरागत रूप से गैर भी निकलती है सुबह अनेक लोग होलिका दहन स्थल पर जाकर पूजा अर्चना भी करते हैं छोटे बच्चे भी होलिका दहन पर जाते हैं उसके बाद जमकर रंग खेलते हैं दूसरे दिन दूज को शहर में भी जमकर रंग बरसता है इस दिन घरों में विशेष पूजा अर्चना भी होती है लोग फूल देवी देवताओं को पूजते हैं। तहसील मुख्यालय में बताते हैं कि यहां परंपरा नवाबी शासनकाल से चली आ रही है। पांचवें दिन रंग पंचमी पर पूरा शहर रंग में सरोवर रहता था धीरे-धीरे यहां परंपरा नगर के अलग-अलग क्षेत्र में मनाए जाने लगी।

# भाव यात्रा में दादाबाड़ी बना पालीताणा तलेटी

## गाजे-बाजे के साथ निकाला गया जुलूस



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

शनिवार 23 मार्च को 6 गांव की पालीताणा यात्रा के रूप में नगर के श्री सीमंधर जिनदत्त धाम दादाबाड़ी से गाजे -बाजे के साथ नगर के प्रमुख मार्गो से जुलूस निकाला गया।जो श्री महावीर स्वामी मंदिर गंज में भगवान के दर्शन करने के पश्चात श्री नेमिनाथ श्वेतांबर जैन मंदिर आष्टा तीर्थ पर पहुंचा। दादाबाड़ी पर पालीताणा तलेटी के रूप में नजर आई।श्वेतांबर जैन समाज के श्रावक - श्राविकाएं साध्वी भगवंतो पूज्य साध्वीवर्या नम्रवर्ताश्रीजी म.सा. आदि ठाणा 3 के पावन सानिध्य में छै गांव पालीताणा यात्रा शनिवार को गाजे-बाजे एवं ढोल ढमाके के साथ निकाली गई। समाज के नवनीत संचेती ने बताया कि फाल्गुनी तेरस की भाव यात्रा दादावाड़ी से ठीक 8.30 बजे प्रारम्भ हुई ।भाव यात्रा में बच्चे फैंसी ड्रेस में शामिल हुए।फैंसी ड्रेस विषय धार्मिक या पालीताणा तीर्थ से सम्बंधित बच्चों की थी।फैंसी ड्रेस में तीन वर्ग पुरुष, महिला एवं बच्चे शामिल थे।




### नगर को स्वच्छ और सुंदर बनाए रखने के लिए नागरिकों को किया जागरूक

**आष्टा**। स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 के लिए नगर पालिका परिषद आष्टा के अध्यक्ष हेमकुंवर राय सिंह मेवाडा एव मुख्य नगर पालिका अधिकारी राजेश सक्सेना के द्वारा नगर के वार्ड क्रमांक 15 सार्वजनिक क्षेत्र कन्नौद रोड पर सभी होटल/ रेस्टोरेंट और नगर वासियों को स्वच्छता के बारे में बताया गया एवं उन्हें समझाया गया हमारे आष्टा नगर को स्वच्छता में अच्छी रैंक पर लाने के लिए सभी स्थानों को स्वच्छ और सुंदर बनाए रखना है रोड और खुले स्थान में किसी भी प्रकार की गंदगी नहीं करना चाहिए। सभी दुकानों पर डस्टबिन रखें और उसमें दुकानों से निकलने वाले कचरे को डाले कचरे को इधर-उधर ना फैलाएं ना इधर उधर डालें कचरे को हमेशा डस्टबिन में डालना चाहिए हमारे आसपास के स्थान को स्वच्छ रखना चाहिए आष्टा शहर को स्वच्छ रखना हम सभी की ज़िम्मेदारी है। जिससे कि हमारा आष्टा नगर स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 मैं अच्छी रैंक पर आए। इस अवसर पर ज्ञान सिंह बामनिया, योगी सक्सेना, विनोद कुमार, राजेश, रवि बड़ोदिया, अंकित पोरवाल, दीपक मालवीय, संजय श्रीवास्तव, करण मालवीय, किशन, पवन गोस्वामी आदि उपस्थित रहे।

### विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन




**आष्टा**। प्रधान जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, सीहोर के निर्देशन में तहसील विधिक सेवा समिति, आष्टा अध्यक्ष/प्रथम जिला न्यायाधीश सुरेश कुमार चौबे के द्वारा 22 मार्च विश्व जल दिवस के अवसर पर राजश्री कॉलेज आष्टा में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें श्री चौबे द्वारा विश्व जल दिवस के अवसर पर बताया कुछ बेहद प्रचलित पंक्तियां है जो पानी के महत्व को वर्णन सरलता से करती है। रहिमन पानी राखिये, बिन पानी सब सून। पानी गये न उबरे मोती, मानुष, चून।। ये दुनिया के सबसे अधिक आबादी वाले देशों भारत और चीन को यदि एक साथ मिला दे तो दुनिया का लगभग तीन अरब आबादी साल में कम से कम तीन महीने जल संकट का सामना करने के लिए विवश है, जिसके कारण देशभर में छोटे-छोटे बांधों के निर्माण और तालाब बनाने की पहल की गई है।इस अवसर पर संचालक बी.एस. परमार, प्राचार्य अर्जुन परमार, शिक्षकगण में ओमप्रकाश मेवाड़ा, रामवती मेवाड़ा ममता तिवारी पूजा मेवाड़ा हिमांशी झवंर, दीपिका जाधव, मनोज कमलोदिया, मनीष सोलंकी एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## देवबड़ला में जल्द ही मूल स्वरूप में नजर आएगा प्राचीन विष्णु मंदिर



हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर

मां नेवज नदी के उद्गम स्थल व पुरातात्विक धरोहर देवांचल धाम देवबड़ला में कार्य प्रगति पर है। मंदिर समिति के अध्यक्ष ओंकार सिंह भगत जी ने बताया पुरातत्व विभाग द्वारा खुदाई व मंदिरों के जीर्णोद्धार का कार्य चल रहा है। जिसमें अभी तक 15 मंदिरों के बेस व अवशेष प्राप्त हुए हैं। 60 से भी अधिक अलोकीक प्रतिमाएं प्राप्त हुई है। आगे अभी खुदाई का काम अधूरा है। देवबड़ला स्मारक इंचार्ज कुंवर विजेंद्र सिंह भाटी ने बताया मंदिर क्रमांक 1 महादेव मंदिर है जो मूल स्वरूप में लौट चुका है। मंदिर क्रमांक 2 यह मंदिर भगवान विष्णु जी का है। मंदिर बनकर तैयार हो चुका है। मंदिर में रासायनिक कार्य चल रहा है। जल्द ही यह मंदिर भी अपनी प्राचीन चमक के साथ मूल स्वरूप में देखने को मिलेगा। पुरातन अधिकारी डॉ.रमेश यादव के दिशा निर्देश अनुसार यहां पर कार्य चल रहा है।

# श्री खाटू श्याम फिल्म की बस स्टैंड पर की शूटिंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा




इन दिनों पूरे देश मे खाटू श्याम की महिमा को लेकर भक्तों में खाटू श्याम के प्रति श्रद्धा,भक्ति,अपरम्पार बनी हुई है। अब इसको लेकर एक फ़ल्मि का निर्माण शुरू हुआ है। खाटू श्याम जी पर बनने वाली देश मे ये पहली फ़ल्मि है। इसकी पूरी कहानी आष्टा के एक युवक सुभाष हाड़ा के जीवन पर आधारित है। आज आष्टा के बस स्टैंड से श्री खाटू श्याम नाम से बनने वाली फिल्म की आष्टा बस स्टैंड पर शूटिंग हुई।

आष्टा का एक युवक सुभाष हाडा बस स्टैंड पर किस तरह अपनी दादी के साथ भीख मांगता है, दादी के मरने के बाद युवक एक होटल पर चाय बनाने का काम करता है, उसकी दादी भीख मांग कर अपना पेट पालती थी, जो युवक एक चाय की दुकान पर चाय बेचता है, इसी दौरान बस स्टैंड पर आई एक यात्री बस में चढ़ रही एक महिला पत्रकार का एक युवक बेग छीन कर भागता है, उस बेग छीन कर भाग रहे चोर को ये चाय बेचने वाला युवक सुभाष पकड़ता है, उससे उसकी हाथा पाई होती है और उससे बेग वापस ले कर पीड़ति महिला को सौप देता है। यहा से ये चाय बेचने वाला युवक इंदौर चला जाता है, यहा वो किसी तांत्रिक के चक्कर मे पड़ जाता है, लूट पाट करने लगता है। इसी दौरान इस युवक को एक संत मिलते है जो खाटू श्याम की कथा करते है, खाटू श्याम की कथा सुनने के दौरान युवक की पहचान एक युवक से हो जाती है दोनों की दोस्ती हो जाती है। एक दिन दोस्त खाटू श्याम जी के दर्शन करने जा रहा है मालूम पढ़ने पर ये युवक भी इसके साथ खाटू श्याम जाता है वहा खाटू श्याम के दर्शन करने के बाद वहां से दोस्त एक मूर्ति खाटू श्याम की लाता है,घर मे मन्दिर बनने के कारण उक्त मूर्ति को दोस्त सुभाष के घर मे एक स्थान पर श्रद्धा के साथ रख देता है। एक दिन जब उक्त स्थान से मूर्ति को ले जाने के लिये उठाने के प्रयास किये लेकिन मूर्ति उक्त स्थान से नही हिली।

बाद में इंदौर के कबीटखेड़ी में जिस स्थान पर खाटू श्याम की मूर्ति रखी थी उसी स्थान पर सुभाष ने कड़ी मेहनत कर पैसा जमा किया,मंदिर के लिये जमीन खरीदी ओर श्री खाटू श्याम जी का एक मन्दिर का निर्माण किया। और 19 नवम्बर 2019 में इस खाटू श्याम जी के मंदिर में भगवान की प्राण प्रतिष्ठा की गई। इस बन रही फिल्म के डायरेक्टर नितिन चौकसे है तथा डीपीओ नासिर है।कलाकार के रूप में चाय बेचने वाले आष्टा के युवक सुभाष की भूमिका मुकेश चौकसे ने निभाई है,उसके बचपन का रोल सिध्दि चौकसे ने निभाया है।

अन्य कलाकार नीलम हाड़ा, सुमन तलवार, प्रीति चौकसे, सिध्दि, पृथ्वीराज, रंजीत आदि कलाकारों ने भी भूमिका निभाई है। मुकेश चौकसे ने बताया कि इसके पूर्व टंट्या भील,डाकू मलखानसिंह, सहित अन्य कई फ़ल्मि भी बना चुके है। कलाकार मुकेश चौकसे ने बताया की खाटू श्याम जी पर ये देश मे पहली फ़ल्मि बन रही है। प्रयास है की इस फिल्म को अप्रैल-मई तक रिलीज किया जाये। आज फ़ल्मि की शूटिंग के दौरान बस स्टैंड पर काफी भीड़ जमा हो गई थी।

# अष्टानीका महापर्व पर किया पूजन-अभिषेक



हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर

दिगंबर जैन 1008 चिंतामणि पारसनाथ मंदिर मेहतवाड़ा में वायो वृद्ध डालचंद जैन, हुकुमचंद जैन, अमरचंद जैन, गुलाबचंद जैन, जिनेंद्र कुमार जैन, मुकेश कुमार जैन परिवार, शीतल कुमार, सुनील कुमार जैन, राय सरदार व प्रमोद कुमार जैन, संजय कुमार जैन, दीपक कुमार जैन ने अष्टानीका महापर्व पर विधान पूजन अभिषेक शांति धारा करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। आपके पुण्य की बहुत-बहुत अनुमोदना दिगंबर जैन समाज मेहतवाड़ा अध्यक्ष अमोद कुमार जैन, उपाध्यक्ष सुनील जैन, सवाईमाल जैन, कोषाध्यक्ष सुरेंद्र कुमार जैन, प्रमोद कुमार जैन, महामंत्री विमल कुमार जैन ने बताया डालचंद जैन मंदिर निर्माण हुआ है। तब से प्रतिदिन अभिषेक शांति धारा पूजन करते हैं। प्रतिदिन देव दर्शन का नियम व देव शास्त्र गुरु में प्रगाढ़ श्रद्धा उन्हें मंदिर ले आती है। पूरा परिवार इंदौर भोपाल जैसे शहर में मंदिरों में श्रद्धा भक्ति दर्शन हेतु प्रख्यात है।

## वाणी के जादूगर जीतरत्नसागर सूरीजी का हुआ भव्य नगर प्रवेश, बड़ी संख्या में जुटे लोग

# महिलाओं ने चुनरी पहन मंगल कलश के साथ की अगवानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



समीपस्थ मोहन बड़ोदिया में 25 मार्च से 27 मार्च 2024 तक तीन दिवसीय मुमुक्षु मुस्कान बहन का जैन भगवती दीक्षा महा महोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इसी के निमित्त जैन समाज के वाणी के जादूगर जीतरत्नसागर सूरीजी महाराज साहब सहित श्रीआचार्य साधु भगवंत जी एवं साध्वी जी मंडल का भव्य नगर प्रवेश हुआ। उक्त नगर प्रवेश के दौरान महिलाएं जहां चुनरी की साड़ी पहनकर मंगल कलश लेकर चल रही थी ।वहीं बालिकाएं भक्ति में लीन होकर नृत्य कर रही थी। कदम -कदम पर आचार्य भगवंत सहित संघ का गवली करके आशीर्वाद प्राप्त किया गया।

वाणी के जादूगर कलम के बादशाह 400 पुस्तक के लेखक परम पूज्य आचार्य भगवंत श्री जीतरत्नसागरसूरीजी महाराज साहब एवं वर्धमान तप युग प्रभावक परम पूज्य आचार्य श्री चंद्ररत्नसागर सूरिजी महाराज साहब, पूज्य श्री आचार्य 700 वर्षों के इतिहास में ऐसे महान तपस्वी आचार्य श्री जिन्होंने मात्र 32 वर्ष की अल्प आयु में वर्धमान तप की सौ ओलीजी करने वाले एवं मात्र एक दिन पारणा कर 270 ओली जी संलग्न करने वाले एकमात्र गुरु भगवंत आचार्य श्री चंद्र रत्न सागर सूरी जी महाराज साहब वर्धमान तप युग प्रभावक के इतिहास पुरुष है। ऐसे महान आचार्य भगवंतो एवं साधु भगवंतो एवं साध्वी जी मंडल का दिनांक 22 मार्च शुक्रवार को मालव प्रदेश के विभिन्न संघो में शासन प्रभावना करते हुए मोहन बड़ोदिया नगर में गुरुदेवों का पदार्पण हुआ।बता दे आगामी 27 मार्च को मुमुक्ष मुस्कान बहन की भव्य भगवती दीक्षा महा महोत्सव का कार्यक्रम आयोजित होने जा रहा है एवं 26 मार्च को नगर में भव्य विशाल वर्षी दान वरघोड़ा चल समारोह आचार्य गुरु भगवंत श्री जीतरत्नसागर सूरीजी महाराज साहब एवं श्री चंद्ररत्नसागर सूरीजी महाराज साहब जी एवं साधु जी की पावनकारी निश्रा में एवं गुरुदेव श्री अक्षय ज्योति श्रीजी आदि ठाणा के पावन सानिध्य में मुस्कान बहन की जैन भगवती दीक्षा का तीन दिवसीय कार्यक्रम मोहन बड़ोदिया जैन श्रीसंघ की उपस्थिति में में होने जा रहा है।इसी बेला में दीक्षा महोत्सव निमित्त नगर में पूज्य आचार्य श्री गुरु भगवंत एवं साध्वी जी मंडल का भव्य नगर प्रवेश महेश कुमार जैन, श्री भेरुलाल भंडारी परिवार के निज भंडारी निवास पर गुरुदेव श्री आचार्य भगवंत पधारे एवं गुरुदेव ने पगलिऐ किए।

सभी गुरुदेवों की एवं सकल जैन श्री संघ के नवकारसी एवं प्रभावना का धर्म लाभ महेश कुमार जैन भंडारी परिवार ने लिया। उसके पश्चात बैंड बाजा के साथ नगर प्रवेश के रूप में चल समारोह नगर के प्रमुख मार्गो से होते हुए जैन मंदिर तक निकाला गया।समाज जनों ने गुरुदेव के सन्मुख जगह-जगह गवली बनाकर श्री फल चड़ाकर अक्षत से वधामणा देकर वंदन कर गुरुदेवों की अगवानी की। जिन शासन के राजा पधार गऐ है एवं जय जय गुरुदेव के नारों से नगर गूंजायमान हो गया। जैन मंदिर पहुंचकर गुरुदेव के साथ सकल जैन श्री संघ ने परमात्मा श्री वर्धमान महावीर स्वामी जी के दर्शन वंदन चैत्य वंदन किया.उसके बाद गुरुदेवों का जैन उपाश्रय में सकल जैन श्री संघ सहित उपस्थित सभी ने गुरू वंदन किया।इस दौरान पाट पर विराजमान आचार्य भगवंत ने अपने मुखारविंद से व्याख्यान देकर संयम जीवन दीक्षा के महत्व के बारे में प्रकाश डाला. उपस्थित सभी ने गुरुदेव से आशीर्वाद लेकर धर्म लाभ प्राप्त किया. तत्पश्चात सकल जैन श्री संघ का जैन मंदिर उपाश्रय पर स्वामी वात्सल्य का आयोजन हुआ। इस धार्मिक आयोजन में जैन समाज के वरिष्ठ जनों सहित पुरुष महिला बच्चों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया।

### मुनि संघ को श्रीफल किया भेंट



संत शिरोमणि आचार्य विद्यासागर महाराज के परम प्रभावक शिष्य पूज्य गुरुदेव मुनिश्री भूतबलि सागर महाराज ससंघ के पावन सानिध्य में श्री नंदीश्वर द्वीप महामण्डल विधान हो रहा है। इस अवसर पर समाज अध्यक्ष आनंद जैन पोरवाल के नेतृत्व में मुनि संघ को वर्तमान शासन नायक जैन धर्म के चौबीसवें तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी की जयंती एवं ग्रीष्मकालीन वाचना आष्टा में करने हेतु श्रीफल भेंट किया गया। समाज की भावना है कि मुनि श्री भूतबलि सागर महाराज का ससंघ सानिध्य महावीर जयंती के साथ-साथ ग्रीष्मकालीन वाचना में मिलें, इसीलिए नंदीश्वर दीप महामंडल विधान के दौरान मुनि संघ से समाजजनों ने श्रीफल भेंटकर विनती की। मुनिश्री ने कहा कि हम बताएंगे।इस अवसर पर मुनिश्री भूतबलि सागर महाराज ने कहा आप सभी पुण्य अर्जन अधिक करें, अरिहंत पद प्राप्त करें।आपकी पूजा पूज्य बनेंगी । बड़ी भक्ति भाव आप लोगों में दिख रही है। आत्मा के कल्याण हेतु आप सभी समय निकाल रहे हैं।आप सभी कभी भी कमजोर नही बनेंगे। वहीं मुनि सागर महाराज ने कहा कि आप आगम में जो बचा हुआ समय है उसका सद्धुपयोग कर रहे हैं। शुद्धों उपयोग यही मिलेगा, स्वर्ग में तो सद्धपयोग मिलेगा।आप लोगों द्वारा अष्ट द्रव्यों से पूजा अर्चना कर रहे हैं।यह पर्व सोमवार को पूर्ण होगा। धर्म आराधना करते समय आकुलता नहीं रखें।अष्टान्हिका महापर्व इस बार नवरात्रि पर्व की तरह नौ दिन का है। जिम्मेदारी बच्चों व बहूओं को सौंप कर धर्म आराधना करने से आकुलता नहीं बढ़ेगी। पुण्य की गांठ बांध रहे हैं। पूजन कर अपने भावों को निर्मल करें।

# छात्रों ने एनएसयूआई की ली सदस्यता




हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

लोकसभा चुनाव के पहले जहां कई नेता अपना पाला बदल कर कांग्रेस से भाजपा में जा रहे वहीं आष्टा में छात्र (फर्स्ट लाइम वोटर) कांग्रेस के छात्र संगठन भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन की सदस्यता लें रहें। शहीद भगत सिंह कालेज आष्टा में एनएसयूआई नेता विजय सोलंकी ने कई छात्रों को एनएसयूआई की सदस्यता ग्रहण करवाई वहीं विजय सोलंकी ने कि भारतीय जनता पार्टी युवाओं एवं छात्र छात्राओं के भविष्य के खिलवाड़ कर रहीं युवा बेरोजगार घूम रहें छात्र छात्राओं को समय पर छात्रवृत्ति नहीं मील रही हैं वहीं छात्र छात्राओं को कई परेशानियों का सामना करना पड़ रहा हैं जिसको देखते हुए कई छात्रों ने एनएसयूआई की सदस्यता ली सदस्यता लेने वालों में सचिन मिट्ठूपुरा अभिषेक गुणवान कल्याणपुरा अशोक मालवीय धींगाखेडी अखलेश मालवीय धनाना दीपक कौशल पगारिया हट व अन्य छात्र हैं। एनएसयूआई जिला उपाध्यक्ष यशवंत मालवीय ने कहा कि भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन देश का सबसे बड़ा छात्र संगठन हैं और हमेशा छात्र छात्राओं की समस्याओं को उठाता हैं। इस दौरान पंकज उज्जवल, शुभम, सचिन मीठूपुरा, अशोक मालवीय, अखलेश मालवीय, अभिसेक गुणवान, विनोद मालवीय, दीपक मालवीय, दुर्गेश सोलंकी, महेश मालवीय आदि उपस्थित थे।

## एक ही विद्यार्थी का दो जगह एडमीशन, शिक्षा पोर्टल से मामला आया सामने

# चौंकिए मत! महज 7 साल की उम्र में कृष्णा हो गया सातवीं पास

### इंदौर के शासकीय स्कूल से 2022 में की 7वीं पास तो राजगढ़ के निजी स्कूल में अभी कक्षा 3 में है अध्यनरत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़







इसको आरटीई या छात्रवृत्ति की खींचतान का खेल समझे या फिर संबंधित विभाग के कर्मचारियों एवं अधिकारियों की लापरवाही जिसके कारण राजगढ़ जिले के एक विद्यार्थी के नाम पर इंदौर से शासकीय स्कूल द्वारा न केवल छात्रवृत्ति निकाली गई है बल्कि उसे पिछड़े वर्ग से अनुसूचित जाति का भी कर दिया गया है।

इंदौर के शासकीय स्कूल का कारनामा देखिए की 2014 में जन्मे बच्चे को महज 7 साल की उम्र में 2022 में 7 वीं कक्षा उत्तीर्ण बताया गया है। साथ ही अनुसूचित जाति को मिलने वाली छात्रवृत्ति भी निकाल ली गई है जो किसी अन्य एकाउंट में पहुंची है विद्यार्थी को इसका लाभ नहीं मिला यह जांच का विषय है। जबकि इसके उलट कृष्णा पीपल्या कुल्मी के एक निजी स्कूल में अध्ययनरत होकर कक्षा 3 में है और पिछले 5 सालों से वह इसी स्कूल में पढ़ रहा है। स्कूल प्रबंधन का कहना है कि उन्हें पिछले 5 सालों से कोई आरटीई की राशि प्राप्त नहीं हुई है।

#### 2014 में जन्म और 2019 में 5वीं में हुआ एडमीशन

*मध्यप्रदेश शिक्षा पोर्टल पर जब कृष्णा राठौर पिता कैलाश राठौर और माता मंजुबाई निवासी पीपल्या कुल्मी जिला राजगढ़ की जानकारी निकाली गई तो तथ्य चौकाने वाले थे। जिनमें 9 मई 2014 में जन्म लिए गए बेटे ने जहां गवर्मेंट हायर सेकेण्ड्री स्कूल किला मैदान इंदौर जिसका डाइस कोड 23260100434 में 2019-20 में प्रवेश लेकर महज 5 साल में 5वीं परीक्षा उत्तीर्ण करते हुए 2020-21 में 6वीं एवं 2021-22 में 7वीं परीक्षा उत्तीर्ण की।*

| वर्ष | स्कूल का नाम | जिला | कक्षा जो उत्तीर्ण की |
|---|---|---|---|
| 2021-22 | जीएचएसएस, किला मैदान | इंदौर | 7वीं |
| 2020-21 | जीएचएसएस, किला मैदान | इंदौर | 6वीं |
| 2019-20 | जीएचएसएस, किला मैदान | इंदौर | 5वीं |

#### हंसवाहिनी स्कूल में पिछले 5 साल से अध्ययनरत है विद्यार्थी कृष्णा

*कृष्णा राठौर को जहां इंदौर में स्कूल ने 5, 6 एवं 7वीं परीक्षा उत्तीर्ण करवा दी( वहीं हकीकत यह है कि वहीं बच्चा पीपल्याकुल्मी के हंसवाहिनी स्कूल में पिछले 5 सालों से अध्ययनरत है। एक शिक्षक ने अपना नाम न बताने के शर्त पर बताया कि वह यहां पर एलकेजी से हमारे स्कूल में अध्ययनरत है एवं अभी कक्षा 3 में है। ऐसे में हमें पिछले 5 सालों से आरटीई की राशि भी नहीं मिल पाई है।*

#### ओबीसी से अनुसूचित जाति कर निकाली छात्रवृत्ति

*राजगढ़ के पीपल्या कुल्मी के हंसवाहिनी मिडिल स्कूल में पढ़ने वाला एक विद्यार्थी जिसकी समग्र आईडी 305176927 हैं कब इंदौर के किलामैदान शासकीय स्कूल में एडमीशन ले लेता है और तो और वह वहां पर 5, 6 व 7वीं कक्षा पास भी कर लेता है। हालात यह है कि ओबीसी का छात्र कृष्णा राठौर कब अनुसूचित जाति का हो जाता है यह भी जांच का विषय है। इसी आधार पर उसकी छात्रवृत्ति भी निकाल ली जाती है जो कि इंदौर के स्टेट बैंक ऑफ इंडिया को खाते में पहुंचती है जिस खाते से विद्यार्थी का कोई लेना देना है। यह जांच का विषय भी है कि इस तरह के कितने और आरटीई बच्चे है जिनका दूसरे स्कूलों में एडमीशन हो सकता है। 2020-21 में 6वी एवं 2021-22 में 7वी के अनुसूचित जाति छात्रवृत्ति के रूपमें 200 - 200 रूपए प्राप्त किए गए।*

**जांच करवाएंगे...**

अगर इस तरह के एडमीशन का कोई मामला है तो उसकी जांच जरूरी है। हम इसकी जांच करवाएंगे।

**देवेन्द्र सिंह रघुवंशी, जिला शिक्षा अधिकारी राजगढ़**

**जांच का विषय है...**

अगर ऐसा कोई मामला है जिसमें आरटीई की राशि पिछले 5 सालों से संबंधित स्कूल तक नहीं पहुंच पाई है और किसी ओर स्कूल में उसका नाम चल रहा है तो जांच का विषय है।

**आरके यादप, डीपीसी राजगढ़**

## एक बाइक पर थे चार, दूसरी पर तीन, टकराईं, 2 की मौत

### मोरपीपल मोड़ के नजदीक हुआ हादसा, 5 घायल, 1 रेफर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

नगर के करीब पांच किलोमीटर दूर खुजनेर रोड पर शुक्रवार-शनिवार की रात्रि बाइकों की टक्कर में दो युवकों की मौत हो गई, वहीं पांच अन्य घायल हो गए। एक घायल को गंभीर हालत में भोपाल रेफर किया गया है। बताया जा रहा है कि रात्रि का समय, सुनसान सड़क होने के चलते सभी घायल काफी समय तक मौके पर ही तड़पते रहे, बाद में उन्हें अस्पताल पहुंचाया गया।

पुलिस के अनुसार तेज गति के साथ ही बाईकों पर क्षमता से अधिक सवारियां होने के चलते उक्त घटना हुई है। शनिवार सुबह जिला चिकित्सालय में मृतकों के पोस्टमार्टम उपरान्त शव परिजनों को सौंप दिए गए। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिए हैं। बताया जा रहा है कि एक बाईक पर सवार युवक राजगढ़ उर्स में आए थे और यहां से वापस लौट रहे थे, इस बीच यह हादसा हो गया।

#### हादसा इतना भीषण की दो टुकड़ों में बट गई बाइक

हादसे में मृत व्यक्तियों की पहचान श्याम पिता फूलसिंह सौंधिया उम्र 18 वर्ष निवासी गोरियाखेड़ा थाना खुजनेर एवं संतोष पिता हरिप्रसाद मारवाड़ी उम्र 50 वर्ष निवासी मंडी रोड खुजनेर के रूप में हुई है। इस घटना में दोनों बाईकें कौन चला रहा था, यह अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है। जानकारी के अनुसार संतोष मारवाड़ी, रामबाबू पिता पूरनलाल अहिरवार निवासी ग्राम भीलखेड़ा एवं अलफेज पिता अब्दुल रज्जाक राजगढ़ से अपने-अपने गांव लौट रहे थे। इस दौरान मोरपीपली, बरखेड़ा के नजदीक इनकी बाईक सामने से आ रही दूसरी अन्य बाईक से टकरा गई।

दुर्घटना में दूसरी बाईक पर सवार श्याम सौंधिया की मृत्यु हुई है वहीं गोविंद पिता लक्ष्मीनारायण सौंधिया उम्र 18 साल निवासी पाड़लियाखेड़ी, सुनील पिता गिरवर सौंधिया उम्र 25 साल निवासी पाडलियाखेड़ी एवं राजू पिता बजेसिंह सौंधिया निवासी ग्राम मुरालिया घायल हो गए।



काफी देर तक मौके पर ही तड़पते रहे घायल

#### काफी देर तक पड़े रहे घायल

*रात का समय होने के चलते हादसे के बाद सभी घायल काफी समय तक घटनास्थल पर ही तड़पते रहे। बाद में स्थानीय पुलिस और आसपास के ग्रामीणों के पहुंचने पर एम्बुलेंस की मदद से सभी घायलों को जिला अस्पताल भिजवाया गया। जिला अस्पताल में सुनील सौंधिया एवं अलफेज रज्जाक को प्राथमिक उपचार उपरान्त भोपाल रेफर कर दिया गया। जानकारी मिली है कि दोनों बाईकें खुजनेर तरफ ही जा रही थीं। जिस बाईक पर चार लोग सवार थे वे हैंडपंप पर पानी पीने के लिए राजगढ़ की और गए। इस दौरान राजगढ़ तरफ से आ रही बाईक और इनकी बाईक आपस में टकराई और यह हादसा हो गया।*

## परीक्षा की गोपनीयता भंग करने के मामले में 2 शिक्षक सस्पेंड

### कुरावर पब्लिक उमावि केंद्र से हुआ था पेपर लीक

**राजगढ़।** विगत दिनों कुरावर के आदर्श पब्लिक उमावि परीक्षा केंद्र पर कक्षा आठवीं की बोर्ड परीक्षा में पेपर लीक होने का मामला सामने आया था। परीक्षा की गोपनीयता भंग होने के मामले को गंभीरता से लेकर कलेक्टर के निर्देशों जिला शिक्षा केंद्र द्वारा गठित जांच ने एक जनशिक्षक एवं एक माध्यमिक शिक्षक को दोषी पाया है। जांच प्रतिवेदन के आधार पर संयुक्त संचालक, लोक षिक्षण भोपाल ने दोनों शिक्षकों को तत्काल प्रभाव से सस्पेंड कर दिया है।


कार्यालय संयुक्त संचालक, लोक शिक्षण
भोपाल संभाग, भोपाल

क्रमांक/शिका–जांच/38/2024/1055 भोपाल, दिनांक 22-3-24

आदेश

कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी, जिला राजगढ के पत्र क्रमांक/शिकायत/2024/441–442 राजगढ, दिनांक 21.03.2024 द्वारा अवगत कराया गया कि अशासकीय संस्था आदर्श पब्लिक उमावि० कुरावर में दिनांक 14 मार्च 2024 को आयोजित कक्षा 8 वीं वार्षिक परीक्षा 2024 के सामाजिक विज्ञान (अंग्रेजी माध्यम) के प्रश्न पत्रकी गोपनीयता भंग की शिकायत पर कार्यालय जिला शिक्षा केंद, जिला राजगढ द्वारा दल गठित कर जांच कराई गई।

संयुक्त जांच दल के प्रतिवेदन क्रमांक/परीक्षा/जांच/2024/643 राजगढ, दिनांक 20.03.2024 द्वारा प्रतिवेदित किया गया कि अशासकीय संस्था आदर्श पब्लिक उमावि० कुरावर में दिनांक 14 मार्च 2024 को आयोजित कक्षा 8 वीं वार्षिक परीक्षा 2024 के सामाजिक विज्ञान (अंग्रेजी माध्यम) के प्रश्न पत्र की गोपनीयता भंग होना पाया गया। गोपनीयता भंग करने तथा परीक्षा संबंधी नियमों का पालन न करते हुए परीक्षा जैसे महत्वपूर्ण कार्य में श्री राकेश जैन, जनशिक्षक (माध्यमिक शिक्षक), शा०उमावि० कुरावर द्वारा लापरवाही बरतते हुए परीक्षा की विश्वनीयता को बनाये रखने में घोर लापरवाही की जाना पाया गया।

श्री जैन का उक्त कृत्य म०प्र० सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के नियम 3 एवं परीक्षा अधिनियम के अन्तर्गत कदाचरण, गंभीर लापरवाही एवं अनुशासनहीनता की श्रेणी में आता है।

अतः श्री राकेश जैन, जनशिक्षक (माध्यमिक शिक्षक), शा०उमावि० कुरावर, विकासखन्ड नरसिंहगढको म०प्र० सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम, 1966 के उपनियम 9(1) के अंतर्गत तत्काल प्रभाव से निलंबित किया जाकर मुख्यालय कार्यालय विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी, नरसिंहगढ नियत किया जाता है। निलम्बन अवधि में संबंधित को नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता की पात्रता होगी।

यह आदेश तत्काल प्रभावशील होगा।

22/3/2024
संयुक्त संचालक लोक शिक्षण
भोपाल संभाग भोपाल

पृ.क्रमांक/शिका–जांच/38/2024/1056 भोपाल, दिनांक 22-3-24

प्रतिलिपि :–

1. संचालक, लोक शिक्षण संचालनालय म.प्र. भोपाल की ओर सादर सूचनार्थ।
2. कलेक्टर महोदय, जिला राजगढ।
3. जिला शिक्षा अधिकारी, जिला राजगढकी ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
4. जिला परियोजना समन्वयक, जिला शिक्षा केंद्र राजगढ।
5. विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी, नरसिंहगढकी ओर दो प्रति भेजी जा रही है, संबंधित को तत्काल तामिली कराकर पावती जिला शिक्षा अधिकारी, जिला राजगढ को उपलब्ध करावें।
6. संकुल प्राचार्य, शा०उमावि० कुरावर की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
7. श्री राकेश जैन, जनशिक्षक (माध्यमिक शिक्षक), शा०उमावि० कुरावर, विकासखण्ड नरसिंहगढ की ओर सूचनार्थ एवं पालनार्थ।

22/03/2024
संयुक्त संचालक लोक शिक्षण
भोपाल संभाग भोपाल

जानकारी के अनुसार 14 मार्च को कक्षा आठवीं का सामाजिक विज्ञान (अंग्रेजी माध्यम) का प्रष्न-पत्र था। इसी दिन यह प्रष्न-पत्र आउट हुआ। जांच में प्रष्न-पत्र के लिफाफे के साथ भी छेड़खानी होना पाई गई। चूंकि, मामला बोर्ड परीक्षा से जुड़ा हुआ था। ऐसे में कलेक्टर के निर्देशों पर जिला शिक्षा केंद्र के दल एवं नायब तहसीलदार द्वारा पूरे मामले की विस्तृत जांच करते हुए प्रतिवेदन तैयार किया गया। जांच प्रतिवेदन में पूरे मामले में जनषिक्षक राकेष जैन(माध्यमिक षिक्षक) एवं संजय जैन(माध्यमिक षिक्षक) दोनों को तत्काल प्रभाव से सस्पेंड कर दिया गया है। उल्लेखनीय है कि पेपर लीक की इस घटना को पूर्व में कुछ जिम्मेदारों ने दबाने की भी कोशिश की थी। लेकिन, जिलाधीश के तल्ख निर्देशों पर हुई जांच के बाद दोष सिद्ध होने के बाद दो शिक्षकों पर निलंबन की गाज गिरी है।

## राष्ट्रीय हित को ध्यान में रखते हुए मतदान कराना है: सांसद नागर

### भारतीय जनता पार्टी सारंगपुर व गुलावता मंडल के सेक्टर शक्ति केंद्रों की बैठक आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर




भारतीय जनता पार्टी सारंगपुर एवं गुलावता मंडल के सेक्टर शक्ति केंद्रों की बैठक पाडल्या माता तथा नगर के राठी परिसर में शुक्रवार शाम को आयोजित की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ पंडित दीनदयाल उपाध्याय व डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर किया गया।

गुलावता मंडल अध्यक्ष सतीश सिह बेस एवं सारंगपुर मंडल अध्यक्ष पंकज पालीवाल ने स्वागत भाषण व मंडल के संगठन की बुथ व पन्ना प्रमुख तक की जानकारी से अवगत करवाया गया। कार्यक्रम में भाजपा प्रत्याशी संसद रोडमल नागर ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी का हर एक कार्यकर्ता चुनाव के समय अपना शत प्रतिशत समय देता है और चुनाव को जैसे एक युद्ध की तरह लडता है तभी जाकर भारतीय जनता पार्टी विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बनी है जिसमें प्रत्याशी एक निमित्त मात्र रहता है।

राज्य मंत्री स्वतंत्र का प्रभार गौतम टेटवाल ने कार्यकर्ताओं को आने वाले चुनाव के लिए हर बुध पर 370 वोट अधिक लाने के लिए संकल्पित किया। साथ में पार्टी संगठन द्वारा बूथ पर बूथ अध्यक्ष व समिति को 10 करनीय कार्य करने के बारे में ओर पार्टी संगठन के सरल व संगठन ऐप के बारे मे बतलाया। तथा केंद्र और राज्य सरकार की योजना से कोई भी व्यक्ति छूट न सका है। बूथ विजय अभियान के विधानसभा प्रभारी धीरज सिंह चौहान ने भी बूथ विजय अभियान के बारे में बतया। जिसमें हर कार्यकर्ता गांव में रहने वाले हितग्राहियों तक पहुंचकर वोट डालने के लिए प्रेरित करे। कार्यक्रम में जिला मंत्री कैलाश नागर जिला मंत्री जगदीश नागर जनपद अध्यक्ष देवनारायण नागर विधानसभा संयोजक मोहन गुप्ता विधानसभा विस्तारक अमरिश शर्मा जिला पंचायत सदस्य रामलाल खटक भाजपा वरिष्ठ नेता किशोर सिंह पाटीदार सहित मंडल के सेक्टर में आने वाले सभी शक्ति केंद्र के पंच परमेश्वर और बूथ पर रहने वाले त्रिदेव बूथ अध्यक्ष बूथ महामंत्री बीएल ए.2 व पन्ना रंसमिति के सदस्य उपस्थित थे।

## महिलाओं ने लिया हर्बल गुलाल से होली खेलने का संकल्प

मातृ शक्तियों ने मनाया फाग उत्सव



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

रंगों का पर्व होली आज पूरे जिले में धूमधाम से मनाया जाएगा। वहीं कल धुंलेडी पर्व की आज से ज्यादा धूम रहेगी। प्रेम, सौंहाद्र, भाईचारे के के इसी होली पर्व को मातृशक्ति जागरण मंच की महिलाओं द्वारा फाग उत्सव के रूप में मनाया गया। मंच सदस्य एवं समाजसेविका जया जायवाल, दिव्या चावड़ा ने बताया कि स्थानीय विजय भवन में आयोजित कार्यक्रम में फाग उत्सव के तहत ज्ञानवर्धन प्रष्नोत्तरी भी आयोजित हुई। प्रष्नोत्तरी में विजेता रही बहिनों को माला पहनाकर सम्मानित किया गया। इसके साथ ही मातृषक्ति जागरण मंच द्वारा आयोजित की जाने वाली गतिविधियों एवं मंच की आवष्यकता क्यों पड़ी यह सभी से साझा की गई। रंगारंग उत्सव के दौरान हाईस्कूल खुजनेर की प्राध्यापिका डॉ. सरिता शर्मा द्वारा बौद्धिक देकर सभी को राष्ट्रधर्म एवं समाजहित के लिए प्रेरित किया गया।

#### रंगारंग कार्यक्रमों के साथ लिए अच्छे संकल्प

इस दौरान सभी महिलाओं ने होली पर्व को हर्बल गुलाल से खेलने के साथ ही ग्रीष्म ऋतु में बेजुबान पक्षियों की प्यास बुझाने अपने-अपने घरों पर सकोरे (जलपात्र) रखने एवं इस हेतु अन्य को भी प्रेरित करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर इंदिरा सौलंकी, नीति सौलंकी, वर्षा सिंह पंवार, राधा आर्य, अनीता सोनी, ब्रहाकुमारीज संस्था बहिन मधु दीदी, स्मिता राजवैद्य, सीमा हाड़ा, रष्मिका सोनी सहित अन्य उपस्थित थीं।

## ट्रेन में किलकारी: गर्भवती ने बच्ची को दिया जन्म, महिला यात्रियों ने कराई डिलीवरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

नासिक से सतना जा रही एक महिला ने ट्रेन में एक बच्ची को जन्म दिया है। विदिशा रेलवे स्टेशन पर महिला को उतारा गया और हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया। नासिक में मिस्त्री का काम करने वाले कृष्ण मुरारी रावत अपनी गर्भवती पत्नी रेशमा और छोटी बच्ची के साथ कामायनी एक्सप्रेस के जनरल बोगी में सफर करते हुए सतना की ओर जा रहे थे। इटारसी निकलने के बाद आधी रात 3 बजे के लगभग कृष्ण मुरारी की पत्नी रेशमा को प्रसव पीड़ा हुई। भोपाल आते-आते रेशमा को जब दर्द ज्यादा होने लगा तो रेशमा की जनरल बोगी में मौजूद दो महिलाओं की मदद से नॉर्मल डिलीवरी कराई गई। वहीं बोगी में मौजूद एक अन्य युवक की मदद से इसकी सूचना आरपीएफ विदिशा को दी गई। भोपाल में सूचना समय पर नहीं देने के कारण प्रसूता और उसकी बच्ची को विदिशा में आरपीएफ की मदद से उतर गया।



### रामधुन भजन कीर्तन करते हुए चल रहे

## नन्हे मुन्ने बच्चे सनातन धर्म जागृति के लिए प्रतिदिन सुबह निकाल रहे प्रभात फेरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खिलचीपुर




नगर में श्रीरामलला से भजनों के साथ प्रभात फेरी नगर के युवा वर्ग बच्चे सहित रोजाना सुबह निकालते हैं। वहीं अयोध्या में श्रीराम मंदिर में रामलला की भव्य प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव से पहले नगर के मोहल्ला वार्डों की गलियों प्रभात फेरी निकाली जा रही है। वहीं प्रतिदिन शहर की अलग-अलग बस्तियां, कॉलोनीयो और गलियों में रामधुन के साथ प्रभात फेरी निकाली जा रही है। शनिवार सुबह 6 बजे शहर की बस स्टेंड से युवा वर्ग बच्चे सहित अन्य जन प्रतिनिधि प्रतिदिन की तरह प्रभात फेरी निकाली जा रही है। वहीं प्रभात फेरी हर गली मोहल्ले वार्डो में अलग अलग दिन राम भजनों ढोलक पर भगवान के भजन कीर्तन कर राम लखन जानकी जय हो हनुमान की, एक ही नारा एक ही नाम जय श्री राम, केशव की जय जय माधव की जय जय, हरे कृष्णा हरे रामा सहित जय घोष के नारे लगाते हुए श्रद्धालु चल रहे थे। नगर में प्रभातफेरी निकाली जाती है। नगर के सभी 1 से 15 वार्डों में रोजाना प्रभातफेरी निकाली जा रही है। इसके माध्यम से लोगों धर्म के प्रति जागृत किया जा रहा है। शहर में प्रभात फेरी शुरू होती है और भजनों के साथ समापन करते हैं जो इमली स्टेंड समापन करते हैं प्रभात फेरी में युवा वर्ग बच्चे ढोल मंजीरे बजाते हुए रामधुन भजन कीर्तन करते हुई चलते रहते हैं। प्रतिदिन प्रभात फेरी में बड़ी संख्या में युवा वर्ग छोटे छोटे बच्चे और शामिल हो रहे हैं।

### समूचे संसदीय क्षेत्र में निकालेंगे तीन दिवसीय पद यात्रा

## राजगढ़ संसदीय क्षेत्र से मेरा 40 सालों का नाता: सिंह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा






राजगढ़ संसदीय क्षेत्र से मेरा 40 सालों का नाता है। यहां के नागरिकों की मैनें यथोचित सेवा की है, इसलिए मुझे विश्वास है यहां की जनता का आशीर्वाद मुझे मिलेगा। आने वाले लोकसभा चुनाव में कांग्रेस में हर विधानसभा क्षेत्र में 20 किलोमीटर की तीन दिवसीय पद यात्रा निकालेगी। उक्त उद्गार पूर्व मुख्यमंत्री व संसदीय क्षेत्र के कांग्रेस के संभावित उम्मीदवार दिग्विजय सिंह ने ब्यावरा में व्यक्त किए। उन्होंने संसदीय क्षेत्र के चार विधानसभा क्षेत्र ब्यावरा, नरसिंहगढ़, चाचैड़ा व राघौगढ़ से आए कार्यकर्ताओं को 45 मिनट से अधिक समय तक संबोधित किया।

वर्तमान सांसद पर कटाक्ष करते हुए सिंह ने कहा कि उन्हें बताया गया है कि सांसद द्वारा पिछले 10 साल में बड़े पैमाने पर आर्थिक प्रगति की है और इस पर रिसर्च होना चाहिए, ताकि जानकारी जनता के सामने आ सके। केंद्र सरकार के वादों को खोखला बताया और कहा कि 2014 में काला धन वापस लाना और भ्रष्टाचार को खत्म करने के बारे में जो भी घोषणाएं की थी, वह अभी तक पूरी नहीं हुई हैं। इसके उलट, जिन नेताओं पर वह भ्रष्टाचार के आरोप लगाते थे, उनको भाजपा में शामिल कर लिया है। पूर्व मुख्यमंत्री ने देश में व्याप्त महंगाई और बेरोजगारी के लिए वर्तमान सरकार को जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने कांग्रेस द्वारा दी जा रही गारंटी का उल्लेख किया और कहा कि महिलाओं को प्रतिवर्ष एक लाख रुपए देंगे।

#### शिवराज ने दिए एक लाख, मैने दिए एक लाख ग्यारह हजार

राम मंदिर का उल्लेख करते हुए सिंह ने कहा कि हर भारतीय की भावना थी कि मंदिर बने, जहां शिवराजं सिंह ने मंदिर निर्माण के लिए एक लाख रूपए दिए, वहीं मैनें एक लाख ग्यारह हजार रूपए का चैक दिया है। उनका कहना था कि इस मामले में कांग्रेस का रूख शुरू से ही साफ रहा था कि जो कोर्ट जो भी निर्णय करेगा, वह मंजूर होगा। राम मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा के बारे में उनका कहना था कि हमारी आपत्ति सिर्फ इतनी थी कि अधुरे निर्मित मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा अभी नहीं होनी चाहिए। उन्होंने शंकराचार्य स्वरूपानंद सरस्वती और अभी मुक्तेष्वर नंद के कथनों का भी उदाहरण दिया।

#### गलत प्रचार हो तो करें शिकायत

*सिंह ने कार्यकर्ताओं के संबोधित करते हुए कहा कि सोसल मीडिया पर किसी भी प्रकार का गलत प्रचार हो तो इसकी शिकायत तुरंत की जाए। भाजपा वाले प्रचार करते है कि दिग्विजयसिंह मुस्लिम हो गया, इसाई हो गया जबकि उन्हें मालुम नहीं है कि राघौगढ़ में कितने मंदिर हमारे द्वारा निर्मित है और मेरे द्वारा कई सालों से वैद पाठशाला चलाई जा रही हैं। गौ वंश की हालत पर उन्होंने दुख जताया और उनकी दुर्दशा के लिए भाजपा को जिम्मेदार ठहराया। ब्यावरा में संचालित मां वैष्णोंदेवी गौशाला व चिकित्सा केंद्र की तारीफ की और गौशाला सदस्य मनीष सोनी को मंच पर बुलाकर उनकी पीठ थपथपाई। कार्यक्रम को राघौगढ़ विधायक जयवर्धनसिंह, पूर्व सांसद नारायणसिंह आमलाबे, पूर्व विधायक रामचंद्र दांगी, पुरूषोत्तम दांगी, विजयसिंह सौंधिया, गिरीष भण्डारी, धूलसिंह यादव, जिला पंचायत अध्यक्ष चंदरसिंह सौंधिया, रचना भार्गव आदि द्वारा भी संबोधित किया गया।*